हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

Ref. HNBGU/DSW/ 2023-24/ 181 Date : 24/11/2023

# परिपत्र (Circular)

छात्र–छात्राओं / छात्र संघ प्रतिनिधियों की मांग के दृष्टिगत तथा दिनांक 24 नवम्बर 2023 को संकायाध्यक्षों / परिसर निदेशकों की बैठक में लिए गए निर्णयों एवं सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरान्त पूर्व में शुल्क जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 20–10–2023 के पश्चात् स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर में विभिन्न विषयों में अंतिम मेरिट सूची के आधार पर रिक्त सीटों के सापेक्ष जो छात्र–छात्रायें किसी कारणवश निर्धारित शुल्क जमा नहीं कर पायें हैं, ऐसे छात्र–छात्राओं हेतु सम्बन्धित विषयों में शुल्क भुगतान हेतु निर्धारित SAMARTH पोर्टल एक दिन के लिए दिनांक 30–11–2023 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे सायं तक सक्रिय रहेगा।

अतः स्नातक / स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं में अंतिम मेरिट सूची के आधार पर रिक्त सीटों के सापेक्ष प्रवेश लेने वाले छात्र–छात्रायें दिनांक 30–11–2023 को प्रातः 10 बजे से 5:00 बजे सायं तक आवश्यक रूप से निर्धारित शुल्क का भुगतान करना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी स्तर पर इस सम्बन्ध में विचार नहीं किया जायेगा।

समस्त संकायाध्यक्षों / विभागाध्यक्षों / प्रवेश समिति के समन्वयकों से अनुरोध है कि उक्त हेतु अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपि निम्नखित के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष, हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वल।
2. परिसर निदेशक, पौडी, टिहरी एवं चौरास परिसर।
3. विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु नामित प्रवेश समिति के समन्वयक।
4. प्रति कुलपति महोदय।
5. निजी सचिव, कुलपति माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
6. निजी सचिव, कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक।
7. प्रभारी, सिस्टम मैनेजर को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. समस्त छात्र संघ प्रतिनिधियों को सूचनार्थ।
9. समस्त छात्र / छात्राओं के सूचनार्थ नोटिस बोर्ड।
10. कार्यालय प्रति।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण